आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 22.11.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मत्स्य पालन के क्षेत्र में उत्तराखंड को हिमायली और उत्तर पूर्व राज्यों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी तीर्थयात्रा के व्यवस्थित संचालन के लिए प्राथमिकता के आधार पर यात्रा प्राधिकरण का गठन करने के निर्देश दिए हैं।
- राज्य के महिला समूहों ने यात्रा मार्ग और पर्यटन केंद्रों पर अपने उत्पादों को बेच कर इस वित्तीय वर्ष में अक्टूबर माह तक लगभग तीस लाख रुपए का लाभ अर्जित किया।
- प्रदेश सरकार ने राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी तथा राज्य कैंसर संस्थान, हल्द्वानी में संविदा के आधार पर 11 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति को मंजूरी दी।

<u>पुरस्कार</u>

राज्य में मत्स्य पालन के क्षेत्र में किए गए अभिनव प्रयोगों के लिए राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड हैदराबाद की ओर से, उत्तराखंड को हिमायली और उत्तर पूर्व के राज्यों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार दिया गया है। विश्व मत्स्य पालन दिवस के अवसर पर कल नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय मत्स्य एवं पंचायतीराज राज्यमंत्री राजीव रंजन सिंह ने यह पुरस्कार उत्तराखंड को दिया।
गौरतलब है कि उत्तराखंड मत्स्य पालन विभाग ट्राउट फार्मिंग के लिए राज्य में एक हजार चार सौ से अधिक ट्राउट रेसवेज का निर्माण कर चुका है। साथ ही मत्स्य सम्पदा योजना के तहत उधमसिंह नगर में राज्य स्तरीय एक्वापार्क और एक होल सेल मार्केट का भी निर्माण किया गया है। स्थानीय मत्स्य पालकों के समूहों और आईटीबीपी के बीच भी मछली आपूर्ति के लिए अनुबंध किया है। इन सब प्रयोग से उत्तराखंड में मछली पालकों की आय बढ़ने की उम्मीद है। इन्हीं प्रयोगों के चलते बोर्ड ने उत्तराखंड को इस पुरस्कार के लिए चुना है।

<u>मत्स्य पालन</u>

चमोली जिले में छह सौ से अधिक काश्तकार मत्स्य पालन के जरिये अपनी आजीविका को मजबूत कर रहे हैं। जिले में काश्तकार ट्राउट के साथ कार्प और पंगास मछली का उत्पादन कर बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं, जिससे काश्तकारों को घर पर रोजगार मिलने से पलायन पर भी प्रभावी रोक लग रही है। जिले में मत्स्य पालन विभाग की ओर से प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना और राज्य सेक्टर से संचालित योजनाओं के माध्यम से काश्तकारों को मत्स्य पालन से जोड़ा जा रहा है, जिसे बेहतर परिणाम सामने आने लगे हैं।

जिले में कुल आठ मत्स्यजीवी सहकारी समितियां और छह सौ काश्तकार मछली उत्पादन कर रहे हैं, जिन्हें काश्तकार की ओर से छह सौ से आठ सौ रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है।

<u>तैयारियां</u>

इस वर्ष की चारधाम यात्रा संपन्न होने के साथ ही प्रदेश सरकार आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि चारधाम यात्रा प्रदेश की आर्थिकी की आधार है। उन्होंने अधिकारियों को यात्रा प्राधिकरण का गठन प्राथमिकता के साथ करने और आगामी तीर्थयात्रा की तैयारियां अभी से शुरू करने को कहा है। उन्होंने यात्रा प्राधिकरण के कठन के लिए सभी हितधारकों के सुझाव लेने को भी कहा है। श्री धामी ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग की वेबसाइट को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए, ताकि यात्रा संबंधित सभी जानकारी वेबसाइट पर ही मिल जाए।

सड़कों के उचित रख रखाव पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए आपदा काल में क्षतिग्रस्त मुख्य मार्गों के साथ ही आंतरिक मार्गों को भी प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए।

<u>निर्वाचन</u>

केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद सभी पोलिंग पार्टियां सकुशल पहुंच चुकी हैं। निर्वाचन सामग्री और ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। स्ट्रांग रूम को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विनोद शेषन की निगरानी में स्ट्रांग रूम सील किया गया है। गौरतलब है कि केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव 20 नवम्बर को हुआ था और इस सीट पर कल मतगणना होगी। उपचुनाव में कुल छह प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया, जिनका भाग्य ई०वी०एम में कैद हो चुका है। विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद यह विधानसभा सीट खाली है।

<u>राष्ट्रीय खेल आयोजन</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों के लिए अलग–अलग सचिवों को दायित्व दिए जाने के साथ ही मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हर सप्ताह बैठक करने और आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों का आयोजन, उत्तराखंड के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं।

यात्रा आउटलेट्स

उत्तराखंड में पर्यटन और तीर्थयात्रा महिला समूहों की आर्थिकी का आधार बन रही है। इस वित्तीय वर्ष में अक्टूबर माह तक महिला समूहों ने यात्रा मार्ग और प्रमुख पर्यटन केंद्रों पर खुले यात्रा आउटलेट्स के जरिए कुल 91 लाख पचहत्तर हजार की बिक्री करते हुए, करीब तीस लाख रुपए का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया है। राज्य के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर 110 यात्रा आउटलेट्स स्थापित किए गए हैं, जो स्थानीय ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन आउटलेट्स में हस्तनिर्मित ऊनी वस्त्र, पहाड़ी मसाले, जैविक अचार, स्मृति चिन्ह, मिलेट–आधारित खाद्य पदार्थ बिक्री के लिए उपलब्ध रहते हैं।

मंजूरी

राज्य सरकार ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी और राज्य कैंसर संस्थान हल्द्वानी में संविदा के आधार पर 11 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की मंजूरी दे दी है। इनमें एक प्रोफेसर, एक एसोसिएट प्रोफेसर और नौ असिस्टेंट प्रोफेसर शामिल है। इन सभी चयनित विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति आगामी तीन वर्ष के लिये की गई है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि सरकार का उद्देश्य मेडिकल कॉलेजों में शत–प्रतिशत फैकल्टी की तैनाती सुनिश्चित करना है और इस दिशा में सरकार निरंतर प्रयासरत है।

गिरफ्तारी

सतर्कता विभाग ने परिवहन विभाग, रुड़की में तैनात सहायक परिवहन निरीक्षक को उनके कार्यालय से 10 हजार रुपये घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री नम्बर 1064 पर शिकायत दर्ज करायी थी कि उसके भूसे के ट्रक पंजाब से रुडकी आते हैं, जिस पर परिवहन विभाग रूड़की में नियुक्त सहायक परिवहन निरीक्षक ने प्रति ट्रक अवैध रुप से ढाई हजार रुपए हर महीने के हिसाब से 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। गिरफ्तार आरोपी से सतर्कता अधिष्ठान देहरादून की टीम पूछताछ कर रही है। आरोपित के आवास की तलाशी के साथ उसकी चल अचल संपत्तियों की पड़ताल की जा रही है।

बैठक

देहरादून के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग मित्र समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जिले के उद्योग मित्रों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई और उनके त्वरित समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योगों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और ठोस समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में सुगमता और व्यवसायिक विकास के लिए समग्र व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

चल विग्रह डोली

रूद्रप्रयाग जिले में स्थित द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली ने दूसरे दिन का रात्रि प्रवास राकेश्वरी मंदिर, रांसी में किया। डोली आज अंतिम रात्रि प्रवास के लिए गिरीया गांव पहुंचेगी और कल अपनी शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर पहुंच जाएगी। इसके बाद 24 नवंबर से भगवान मद्महेश्वर की शीतकालीन पूजा ओंकारेश्वर मंदिर में विधिवत शुरू होगी।

समीक्षा

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन 1905 सहित प्राधिकरण की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 1905 की लंबित शिकायतों पर अधिकारियों को तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने इस दौरान आढ़त बाजार परियोजना के साथ ही आईएसबीटी में चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने आईएसबीटी परिसर में सीसीटीवी लगाने और बेहतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करने को भी कहा है।

लाइसेंस निरस्त

चमोली जिले में संचालित विदेशी मदिरा की पांच दुकानों से समय पर अधिभार जमा न कराने पर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने दुकानों के लाइसेंस निरस्त कर दिए है। इसमें गोपेश्वर, गैरसैंण, ग्वालदम, नंदप्रयाग और थराली में संचालित दुकानें शामिल है।

समाचार पत्रों की सुर्खियां–

अदाणी समूह पर अमेरिकी एजेंसियों के लगाए गए आरोपों की ख़बर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। दैनिक जागरण की ख़बर है– अमेरिका का आरोप, भारतीय अफसरों को दी घूस, सौर ऊर्जा अनुबंध के लिए अनुकूल शर्तों के बदले दिए गए दो हजार दो सौ करोड़। इसी समाचार पर अमर उजाला का शीर्षक है– अमेरिका में अदाणी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट, भारतीय अधिकारियों को दो हजार दो सौ छत्तीस करोड़ की रिश्वत देने का आरोप। वहीं, हिंदुस्तार समाचार पत्र की ख़बर है– अदाणी पर अमेरिका में आरोप, भारत में भूचाल, धोखाधड़ी के दो केस दर्ज होने से समूह के शेयर गिरे, देश में सियासत तेज। अमर उजाला ने साइबर अपराधों पर रोकथाम की ख़बर पर लिखा है– साइबर हमले से राज्य की सौ वेबसाइट को बचाएगा स्वास, सभी वेबसाइट अब स्वास प्लेटफॉर्म पर बनेंगी, साइबर हमलों से भी मिलेगी पुख्ता सुरक्षा।

उत्तराखंड में राशन की दुकानों के लाइसेंस में महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के हवाले से हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– राशन दुकानों के लाइसेंस में महिलाओं का कोटा होगा। इसी पर अमर उजाला की ख़बर है– राशन दुकानों में महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण की तैयारी, राशन डीलर्स की बैठक में मंत्री रेखा आर्या ने प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

देहरादून शहर में अतिक्रमण की ख़बर पर दैनिक जागरण लिखता है– शहर में अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण पर सख्ती, अवैध निर्माण पर कड़ी कार्रवाई होगी।

वहीं राजधानी में वायु प्रदूषण पर दैनिक जागरण की ख़बर है– पांच दिन से शहरवासियों को वायु प्रदूषण से राहत, रविवार से सौ से कम बना हुआ है देहरादून का औसर एयर क्वालिटी इंडेक्स। वहीं अमर उजाला लिखता है– वाहनों से दून की हवा में घुल रही 37 हजार किलो कार्बन मोनो ऑक्साइड। बीएचयू–आईआईटी की रिपोर्ट के अनुसार एक लाख किलोग्राम ज़हरीली गैस घुल रही हवा मे।

चारधाम यात्रा के बेहतर संचालन पर मुख्यमंत्री के निर्देशों को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है। अमर उजाला मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है– प्राधिकरण गठित कर अगले वर्ष की यात्रा तैयारियों में जुटें।